**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3988**

**उत्तर देने की तारीख : 19.12.2024**

**एमएसएमई योजनाओं का कार्यान्वयन**

**3988. श्री विष्णु दत्त शर्मा :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पन्ना, कटनी, खजुराहो और छतरपुर जिले औद्योगिकीकरण और अर्थव्यवस्था के माध्यमिक-तृतीयक क्षेत्रों में रोजगार सृजन के मामले में तुलनात्मक रूप से अल्पविकसित हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जिलों में सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि योजना (स्फूर्ति) और नवाचार, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन योजना (एस्पायर) योजनाएं कार्यान्वित कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं की स्थिति, प्राप्त परिणामों और निष्पादन की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) : एमएसएमई क्षेत्र के संवर्धन और विकास के प्रयोजनार्थ सरकार विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करती है, और इस प्रकार मध्य प्रदेश राज्य सहित देश में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास कर रही है। इन स्कीमों/कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), पीएम विश्वकर्मा (पीएमवी), सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) और एमएसएमई प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज करना (रैम्प), एमएसएमई चैंपियंस स्कीम आदि शामिल हैं।

दिनांक 01.07.2020 को उद्यम पोर्टल की शुरुआत से मध्य प्रदेश के उक्त जिलों में उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत एमएसएमई और इससे सृजित रोजगार की संख्या निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | विवरण | कुल एमएसएमई | | कुल | रोजगार | | कुल रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विनिर्माण | सेवा | | विनिर्माण | सेवा | |
| 1 | अखिल भारत | 1,12,01,113 | 4,54,17,962 | 5,66,19,075 | 7,29,30,140 | 16,62,32,799 | 23,91,62,939 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 5,51,901 | 30,89,762 | 36,41,663 | 27,53,804 | 76,90,761 | 1,04,44,565 |
| 3 | छतरपुर का खजुराहो | 9,049 | 47,141 | 56,190 | 28,209 | 1,01,505 | 1,29,714 |
| 4 | कटनी | 8,238 | 45,013 | 53,251 | 30,458 | 1,00,697 | 1,31,155 |
| 5 | पन्ना | 6,053 | 23,772 | 29,825 | 12,633 | 55,291 | 67,924 |

I. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत, सामान्य श्रेणी के लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों में परियोजना लागत का 25% और शहरी क्षेत्रों में 15% मार्जिन मनी सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के तहत लाभान्वित होने वाले सूक्ष्म उद्यमों की संख्या निम्नानुसार है:

| वर्ष | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | एमएम सब्सिडी (करोड़ रु. में) | अनुमानित रोजगार सृजन |
|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2019-20 | 66,653 | 1,950.82 | 5,33,224 |
| वित्तीय वर्ष 2020-21 | 74,415 | 2,188.80 | 5,95,320 |
| वित्तीय वर्ष 2021-22 | 1,03,219 | 2,977.65 | 8,25,752 |
| वित्तीय वर्ष 2022-23 | 85,167 | 2,722.17 | 6,81,336 |
| वित्तीय वर्ष 2023-24 | 89,118 | 3,093.87 | 7,12,944 |
| वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिनांक 16.12.2024 तक) | 28,496 | 1,159,52 | 2,27,968 |

II. पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2019-2020 से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान मध्य प्रदेश राज्य और छतरपुर के खजुराहो, कटनी और पन्ना जिलों में सहायता प्राप्त इकाइयों, अनुमानित रोजगार सृजन, वितरित मार्जिन मनी सब्सिडी और स्वीकृत ऋणों के संदर्भ में पीएमईजीपी का कार्य निष्पादन :

| वित्तीय वर्ष | मध्य प्रदेश | | | | छतरपुर का खजुराहो | | | | कटनी | | | | पन्ना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित रोजगार सृजन | मार्जिन मनी (रु. लाख में) | स्वीकृत ऋण (रु. लाख) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित रोजगार सृजन | मार्जिन मनी (रु. लाख में) | स्वीकृत ऋण (रु. लाख) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित रोजगार सृजन | मार्जिन मनी (रु. लाख में) | स्वीकृत ऋण (रु. लाख) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित रोजगार सृजन | मार्जिन मनी (रु. लाख में) | स्वीकृत ऋण (रु. लाख) |
| वित्तीय वर्ष 2019-20 | 2,175 | 17,400 | 8,046.65 | 23,926.33 | 0 | - | 0 | 0 | 7 | 56 | 32.41 | 91.16 | 28 | 224 | 80.81 | 249.68 |
| वित्तीय वर्ष 2020-21 | 4,854 | 38,832 | 13,807.82 | 42,769.47 | 0 | - | 0 | 0 | 60 | 480 | 192.05 | 622.52 | 63 | 504 | 114.19 | 362.29 |
| वित्तीय वर्ष 2021-22 | 8,082 | 64,656 | 20,961.46 | 65,809.05 | 2 | 16 | 17.5 | 47.5 | 100 | 800 | 327.91 | 1018.60 | 123 | 984 | 171.22 | 565.99 |
| वित्तीय वर्ष 2022-23 | 5,957 | 47,656 | 18,129.70 | 56,125.91 | 2 | 16 | 3.68 | 9.97 | 57 | 456 | 173.62 | 562.42 | 57 | 456 | 108.68 | 347.62 |

III. मध्य प्रदेश में सीजीटीएमएसई स्कीम की प्रगति:

| | | वित्तीय वर्ष 2019-20 | | वित्तीय वर्ष 2020-21 | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | | वित्तीय वर्ष 2022-23 | | वित्तीय वर्ष 2023-24 | | वित्तीय वर्ष 2024-25 30 नवंबर 2024 तक | | स्थापना के बाद से संचयी 30 नवंबर, 2024 तक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | [राशि करोड़ रुपए] | | | | | | | | | | | | | |
| क्र. सं. | जिला | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि | सं. | राशि |
| 1 | अखिल भारत | 8,46,650 | 45,851.22 | 8,35,592 | 36,899.39 | 7,17,020 | 56,171.87 | 11,65,786 | 1,04,781.46 | 17,24,073 | 2,02,807.32 | 11,29,657 | 1,50,425 | 9,925,719 | 7,79,789 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 40,822 | 2,098 | 60,835 | 1,893 | 64,108 | 2,651 | 50,289 | 5,290 | 75,023 | 9,569 | 44,128 | 6,299 | 481,458 | 35,859 |
| 3 | छतरपुर का खजुराहो | 419 | 14 | 650 | 18 | 372 | 25 | 398 | 31 | 904 | 104 | 410 | 49 | 4,806 | 341 |
| 4 | कटनी | 781 | 33 | 1,114 | 36 | 947 | 44 | 1,032 | 67 | 1,330 | 112 | 708 | 79 | 7,762 | 476 |
| 5 | पन्ना | 130 | 5 | 193 | 5 | 171 | 4 | 212 | 12 | 443 | 45 | 122 | 25 | 1,766 | 120 |

IV. दिनांक 17.9.2023 को पीएम विश्वकर्मा स्कीम के शुभारंभ के बाद से उक्त जिले में पंजीकृत लाभार्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

| जिले का नाम | सफल पंजीकरण | बुनियादी प्रशिक्षण पूरा हुआ | स्वीकृत ऋण के आवेदन | स्वीकृत ऋण राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| अखिल भारत | 25,98,934 | 13,53,661 | 2,37,693 | 2053,63,94,288 |
| मध्य प्रदेश | 2,25,325 | 1,00,152 | 14,313 | 1,305,874,296 |
| छतरपुर का खजुराहो | 5428 | 2246 | 190 | 1,55,22,000 |
| कटनी | 4852 | 2603 | 227 | 1,98,59,250 |
| पन्ना | 5760 | 4292 | 435 | 419,28,998 |

(ख) और (ग) : मध्य प्रदेश राज्य में कुल 45 क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें भारत सरकार की 116.32 करोड़ रुपए की सहायता शामिल है, जिससे 24,905 कारीगरों को लाभ मिलेगा। राज्य में अनुमोदित 45 क्लस्टर में से, 36 क्लस्टर वर्तमान में क्रियाशील हैं और 17,860 कारीगरों को स्थायी रोजगार प्रदान कर रहे हैं। कटनी जिले में एक क्लस्टर का अनुमोदन किया गया है, जो भारत सरकार की 245.36 लाख रुपए की सहायता से क्रियाशील है, जिससे 407 कारीगरों को लाभ मिलेगा। क्लस्टर का विवरण निम्नानुसार है:

| **क्र. सं.** | **क्लस्टर का नाम** | **स्थिति** | **जिला** | **क्षेत्र** | **स्फूर्ति सहायता(लाख रुपए में)** | **कुल कारीगर** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कढ़ाई वाले फैशन कपड़े और सहायक उपकरण क्लस्टर | कार्यशील | कटनी | कपड़ा | 245.36 | 407 |

एमएसई-सीडीपी और एस्पायर मांग आधारित योजनाएं हैं और इन योजनाओं के अंतर्गत पन्ना और छतरपुर के खजुराहो जिलों के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****